E-mail

बिहार पुलिस मुख्यालय
(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)
आदेश

पी0–1/04–09–36–2024 पटना, दिनांक– 08/01/2025

बिहार पुलिस मुख्यालय आदेश ज्ञापांक 473/पी0–1 दिनांक 27.11.2024 द्वारा क्षेत्रीय चयन पर्षद से प्राप्त मनोनयन के आलोक में 210 पुलिस अवर निरीक्षक कोटि के पदाधिकारियों को पुलिस निरीक्षक की कोटि में कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) दिया गया है।

क्षेत्रीय चयन पर्षद से प्राप्त मनोनयन में वरीयता क्रमांक के गलत अंकित रहने के कतिपय मामले प्रकाश में आने के कारण पुलिस मुख्यालय स्तर पर उक्त प्रदत्त कार्यकारी प्रभार की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निम्नांकित तथ्य सामने आये हैं :–

क्र0	पु0अ0नि0/पु0नि0 (वेतनमान रहित) का नाम	चयन पर्षद का नाम	प्राप्त मनोनयन में अंकित वरीयता क्रमांक	राज्य वरीयता सूची के अनुसार वरीयता क्रमांक
01	पु0अ0नि0 कमल राम	क्षेत्रीय चयन पर्षद, सारण	9515	9815
02	पु0अ0नि0 बब्बन चौधरी	क्षेत्रीय चयन पर्षद, पटना	8968(D)	9968(D)
03	पु0नि0 संजय पाण्डेय (कार्यकारी प्रभार, वेतन रहित)	क्षेत्रीय चयन पर्षद, पूर्णिया	9342(A)	9649(A)
04	पु0नि0 धन प्रसाद (कार्यकारी प्रभार, वेतन रहित)	क्षेत्रीय चयन पर्षद, पूर्णिया	9000(A)	9362(A)

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रदत्त कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) वरीयता सह योग्यता के आधार पर योग्य पाए गए पु0अ0नि0/पु0नि0 (वेतनमान रहित) के वरीयता क्रमांक 9543 तक दिया गया है। जबकि उपरोक्त सारणी के अनुसार क्रम संख्या 01, 02 एवं 03 में अंकित पु0अ0नि0/पु0नि0 (वेतनमान रहित) का वरीयता क्रमांक 9543 के बाद है। फलस्वरूप बिहार पुलिस मुख्यालय आदेश ज्ञापांक 473/पी0–1 दिनांक 27.11.2024 द्वारा इन्हें दिया गया कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) रद्द किए जाने योग्य है, जबकि सारणी के क्रम संख्या 04 में अंकित पु0नि0 (वेतनमान रहित) धन प्रसाद को बिहार पुलिस मुख्यालय आदेश ज्ञापांक 473/पी0–1 दिनांक 27.11.2024 द्वारा दिए गए कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) में अंकित वरीयता क्रमांक 9000(A) को 9362(A) के रूप में संशोधित किया जाना अपेक्षित है।

समीक्षोपरान्त उपरोक्त सारणी के क्रम संख्या 01, 02 एवं 03 में अंकित पु0अ0नि0 कमल राम, पु0अ0नि0 बब्बन चौधरी एवं पु0नि0 (वेतनमान रहित) संजय पाण्डेय को पुलिस मुख्यालय आदेश ज्ञापांक 473/पी0–1 दिनांक 27.11.2024 द्वारा दिए गए कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) को रद्द किया जाता है तथा क्रम संख्या 04 में अंकित पु0नि0 (वेतनमान रहित) धन प्रसाद का कार्यकारी प्रभार (वेतनमान सहित) देने संबंधी उक्त आदेश में वरीयता क्रमांक 9000(A) को 9362(A) के रूप में संशोधित किया जाता है।

पुलिस मुख्यालय के आदेश ज्ञापांक 473/पी0–1 दिनांक 27.11.2024 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

इस पर पुलिस महानिदेशक, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/- 8/1/25

पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना

ज्ञापांक–पी0–1 / 04–09–36–2024 / ..07 पटना, दिनांक– 08/01/2025

<u>प्रतिलिपि</u> :–

1. अध्यक्ष, क्षेत्रीय चयन पर्षद सह पुलिस महानिरीक्षक, केन्द्रीय क्षेत्र, पटना / पुलिस उप–महानिरीक्षक, पूर्णिया क्षेत्र, पूर्णिया / सारण क्षेत्र, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
2. पुलिस अधीक्षक, नालंदा / किशनगंज / सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
3. प्रशाखा पदाधिकारी, पी0–2 प्रशाखा, बिहार पुलिस मुख्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
4. आई0टी0 प्रबंधक, बिहार पुलिस मुख्यालय को सूचनार्थ एवं बिहार पुलिस के आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

ह0/- 8/1/25

पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक)
बिहार, पटना